an>

Title: Need to shift railway siding at *roza mal godam* away from NH 24 in Sahajahanpur parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): महोदय, शाहजहाँपुर-सीतापुर रोड पर रोजा माल गोदाम साइडिंग पर लगभग पाँच वर्ष पूर्व रेलवे लोडिंग हेतु एक लाइन बिछायी गयी थी। कार्य की अधिकता के कारण अब उसे कई लाइनों में परिवर्तित कर दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप अब वह नेशनल हाइवे-24 के संपर्क में आ गई है। पहले यह साइडिंग माल गोदाम रोड से लगभग दो किलोमीटर अंदर थी। इससे सड़क पर किसी भी प्रकार का आवागमन प्रभावित नहीं होता था। लेकिन अब प्रतिदिन यहाँ पर दो रेक कोयला उतारा जाता है जिसके कारण आये दिन जाम लग जाता है। कोयले के कण निरंतर हवा में उड़ते रहते हैं जिससे प्रदूषण फैल रहा है तथा वहाँ से निकलने वाले वाहन या पैदल चलने वाले यात्रियों की आँखों में गिरकर दुर्घटनाओं का सबब बन रहा है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि रोजा साइडिंग को लगभग दो किलोमीटर अंदर की ओर स्थानांतरित करने का आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।